>

Title: Need to construct an over bridge and under pass at Champa Yard level crossing in Janjgir-Champa Parliamentary Constituency.

श्रीमती कमला पाटले (जांजगीर-चाम्पा): सभापति महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र जांजगीर-चाम्पा, छत्तीसगढ़ के यार्ड समपार संख्या 337 के बदले ऊपरी व निचला पुल रेल बजट - 2009-10 में स्वीकृत किया गया है। जिसका रेलवे के डिटेल एस्टीमेट को पीडब्ल्यूडी रायपुर द्वारा 11.02.2014 को मंज़ूर कर लिया गया है। रिवाईज्ड प्लान, रेलवे एवं पीडब्ल्यूडी द्वारा स्वीकृति उपरांत निविदा बुलाई गई। निविदा स्वीकृत होने के बाद ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ होने के करीब एक सप्ताह बाद ही रेलवे द्वारा लैंड-लीजिंग की आपत्ति लगा कर कार्य बंद करा दिया गया है। राज्य शासन से रेलवे द्वारा लैंड-लीजिंग के लिए करीब 29 करोड़ की मांग की जा रही है। इतनी बड़ी राशि राज्य शासन जुटा नहीं पा रहा है। रेलवे ने इसकी मांग की है।

माननीय, मैं केंद्र सरकार से मांग करती हूँ कि रेल के इस कार्य को या तो रेल विभाग कराए या फिर राज्य सरकार को इसका अनापत्ति प्रमाण पत्र दे कर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए। यह सबसे व्यस्ततम मार्ग है। कोरबा और रायगढ़, ये दोनों व्यस्ततम मार्ग होने के नाते, पॉवर हब जिला होने के नाते और औद्योगिक क्षेत्र होने के नाते बहुत ही आवश्यक है। मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से मांग करती हूँ कि इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।